हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

04 गमाखर के अजय सिंह रघुवंशी धन्वंतरि...



07 मुनिश्री 108 सुधासागर महाराज का धूमधाम से...





## खबर संक्षेप

### अभिनेता आशुतोष राना 19 को विदिशा आएंगे

**विदिशा।** हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता व साहित्यकार आशुतोष राना नगर में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में हिस्सा लेने 19 अक्टूबर शुक्रवार को विदिशा आएंगे। यहां 'काव्यानंद' स्व आनंद श्रीवास्तव पुण्य स्मरण समारोह में शामिल होंगे। 11 बजे रविन्द्र भवन में आयोजित इस आयोजन में स्व. आनंद श्रीवास्तव के ग़ज़ल संग्रह सहर एवं देश के जाने माने शायर निसार मालवी के ग़ज़ल संग्रह आमद का विमोचन करेंगे। पत्रकार व विदिशा के गौरव आलोक श्रीवास्तव भी अतिथियों के स्वागत हेतु उपस्थित रहेंगे।



### 4 साल से गुम श्रीकृष्णा को परिवार से मिलाया



**विदिशा।** आसरा अपनों का टीम के संयुक्त प्रयास से 4 साल से खोए हुए व्यक्ति की घर वापसी हुई। श्री कृष्णपाल, उम्र 21 जो पुणे से 2021 में लापता हो गए थे। वह बुधवार को ग्यारसपुर के पास अंकित सेन को मिले वह गंभीर अवस्था में थे अंकित द्वारा आसरा टीम संस्थापक आदर्श तिवारी को जानकारी दी। टीम ने उससे बात करने की कोसिश की वह बंगाली भाषा में बात कर रहा था। विदिशा में रह रहे बंगाल के अनीश खान की मदद ली, जिन्होंने बंगाली में उनसे बात की और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। आदर्श तिवारी ने कुल्टी थाने कोलकाता बंगाल में फोन लगाकर मिसिंग कंप्लेंट की पुष्टि की और कृष्णपाल के भाई तपस पाल से संपर्क किया और श्रीकृष्ण वापस घर पहुंच गया।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 13 को

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक शनिवार 13 सितंबर को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा बैठक में साईबर तहसील अन्तर्गत नामांतरण, तामीली, पटवारी रिपोर्ट, समस्त एसडीएम न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति समस्त तहसील न्यायालयीन प्रकरणो के निराकरण की स्थिति,नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण राजस्व वसूली की समीक्षा की जाएगी।

### पशुओं के परिवहन में जब्त वाहन राजसात

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने पशुओं के अवैध परिवहन अपराध में जब्त एक वाहन को राजसात करने की कार्यवाही के आदेश दिए हैं। आदेश अनुसार आरोपी मोहम्मद शोएब पिता मोहम्मद इस्तयाक, निवासी बी.डी. कॉलोनी, वागराज वार्ड, सागर का वाहन क्रमांक एमपी 20 सीडी 7917 टाटा मैजिक गोल्ड को राजसात किया गया है।

### अपहर्त बालक रेलवे स्टेशन पर मिला

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस को 8 सितंबर को अपहर्त बालक को खोजकर परिजनों को सौंप दिया है। सूचना मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। 10 सितंबर को बालक रेलवे स्टेशन पर मिला। साल 2025 में पुलिस 272 से अधिक गुमशुदा, अपहत बालक - बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों को सौंप चुकी है।

### सेवा पखवाड़ा 17 से

**विदिशा।** सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा। इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है।

---

**बैठक:** समीक्षा बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने निर्माण एजेंसियों को दिए सख्त निर्देश

## सांसद, विधायक निधि के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर बोले एक माह में सभी काम पूर्ण करें

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिले में सांसद निधि और विधायक निधि के निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि एक माह में सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। दशहरा के बाद पुनः समीक्षा की जाएगी और यदि निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुए तो संबंधित एजेंसी व मानिटरिंग अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**जबकि जनपदों के सीईओ व इंजीनियरों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया।**





**विदिशा।** निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण एजेंसी व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को सांसद व विधायक निधि के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं, खासकर सांसदनिधि के कार्यों की अद्यतन जानकारी को ई-साक्षी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। ताकि भारत सरकार निर्माण कार्य की स्थिति से अवगत हो सके। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि जनपदों के कार्यों की समीक्षा बैठक में सांसद व विधायक निधि के निर्माण कार्यों की भी अलग से समीक्षा की जाए। उसके साथ-साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि इसी गांव में एक ही निर्माण कार्य के लिए अन्य किसी मद की राशि न जारी हो खासकर सांसद निधि, विधायक निधि और बस्ती विकास निधि के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यों में एकरूपता ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जिनके लिए निजी एजेंसियां नियुक्त की गई हैं उनकी अलग से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपरोक्त बैठक के दौरान सभी जनपदों के सीईओ और निकायों के अधिकारियों को आगामी तिथियों में शुरू होने वाले अभियानों के क्रियान्वयन हेतु स्थानीय स्तर पर रणनीति तय कर शत प्रतिशत अभियान की निहित बिन्दुओं की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि नेशनल हाईवे सड़कों के मार्गों पर पशुओं का विचरण ना हो खासकर रात्रि में पशु सडकों पर बैठे ना हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए और संबंधित ग्राम पंचायत के कार्य क्षेत्र की गौशाला में ऐसे सभी पशुओं को पहुंचाने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए। गौशाला में आने के उपरांत पशु स्वामियों को शुल्क जमा करने पर ही पशु प्रदाय किए जाएं।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों की सीमा अंदर गौवंश के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसके लिए निकायों के अधिकारी विशेष ध्यान देंगे। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित सांसद निधि योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी वित्तीय वर्ष अनुसार प्रस्तुत की गई। जिसमें स्वीकृत कार्य एवं प्रगतिरत व अप्रारंभ कार्यों से अवगत कराया गया। इसी प्रकार विधायक निधि योजना के तहत स्वीकृत किए गए कार्यों की जानकारियां संबंधित निर्माण ऐजेन्सी द्वारा विधानसभावार, कार्यवार प्रस्तुत की गई है। सांसद निधि के तहत वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक कुल 258 कार्य स्वीकृत किए गए है, जिनमें से 201 कार्य पूर्ण कराए गए हैं। वित्तीय वर्षों में विधायक निधि के कुल 1872 कार्य स्वीकृत किए गए है, जिसमें से 1739 कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। शेष अन्य कार्यों की अद्यतन स्थितियां भी साझा की गई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, अतिरिक्त जिपं सीईओ पंकज जैन के अलावा निर्माण कार्यों को संपादित कराने वाले विभागों के कार्यपालन यंत्री तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सेवाराम रैकवार, निकायों के अधिकारी, समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गो माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग कर कंप्यूटर बाबा ने मांगी भिक्षा



**विदिशा।** बाजार में घूमकर गो माता के लिए भिक्षा मांगते हुए कंप्यूटर बाबा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कंप्यूटर बाबा गुरुवार को विदिशा आए। माधवगंज चौराहे पर दुकान-दुकान जाकर भिक्षा मांगी। यह भिक्षा गौ न्याय यात्रा के लिए धन जुटाने के लिए मांगी गई। इस धन से यात्रा के दौरान गायों के लिए भूसा-पानी की व्यवस्था की जाएगी। गौ न्याय यात्रा 7 अक्टूबर को नर्मदापुरम से शुरू होगी। यह 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचेगी। यात्रा में हजारों गायों को सीएम हाउस तक ले जाया जाएगा। यात्रा का उद्देश्य गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाना है। साथ ही सड़कों पर भटक रही गायों से होने वाली दुर्घटनाएं रोकना है।

### बाबा ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा


कंप्यूटर बाबा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार गायों के नाम पर केवल राजनीति कर रही है। प्रदेश की सड़कों पर रोजाना गायें मर रही हैं। लेकिन सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। बाबा ने कहा कि गौमाता को संरक्षण दिलाने की मांग पुरानी है। अब इसे साधु-संतों और समाज के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक गायों को राज्य माता का दर्जा, छाया और भोजन नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सभी सनातनियों और आम लोगों से यात्रा में सहयोग की अपील की।

### विदिशा से गायब नाबालिग सिलवानी में मिली

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 8 सितंबर को एक नाबालिग बालिका के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूचना पर तत्काल टीम ने सक्रियता दिखाते हुए खोजबीन की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने 11 सितंबर को तहसील सिलवानी, जिला रायसेन से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा।

## तिलक चौक अतिक्रमण मुक्त : हाई मास्ट लाइट शिफ्ट कर सौंदर्यीकरण कराएगी नपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** अतिक्रमण हटाने के बाद आगे की रूपरेखा तय करते हुए जनप्रतिनिधि।

तिलकचौक को गुरुवार को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। यहां तिलक जी की मूर्ति के चारों ओर लगी जाली और बाउंड्री वॉल को हटा दिया गया।

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने अतिक्रमण अमले के साथ यह कार्रवाई की। चौक की सुंदरता बढ़ाने के लिए हाई मास्ट लाइट को भी पीछे किया जा रहा है। इससे चौक का क्षेत्र और अधिक खुला नजर आएगा। लंबे समय से यह मांग की जा रही थी। अब चौक से हाथ ठेलों और अस्थायी दुकानों को भी हटा दिया गया है। चौक के सौंदर्यीकरण से यह आकर्षण का केंद्र बनेगा। नपा सीएमओ ने बताया कि जल्द ही चौक का सौंदर्यीकरण होगा।

तिलकचौक शहर का मुख्य चौराह है। पहले यह अव्यवस्थित और अतिक्रमण की वजह से बदहाल नजर आता था। अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। मुख्य बाजार पुरानी नपा कोतवाली के पास, माधवगंज रामलीला चौराह, बड़ा बाजार से भी अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। जिससे यातायात सुगम होगा।

## नशे में ड्यूटी से रोका, ड्रेस पहनकर प्वाइंट पर तैनात रहने कहा तो सुपरवाइजर पर लगाया मिठाई में जहर मिलाकर देने का आरोप

### सुपरवाइजर ने अस्पताल, सीएमएचओ कार्यालय व थाने में दिया आवेदन, सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिला अस्पताल में पदस्थ सुरक्षा गार्ड आर्यन जोशी बुधवार दोपहर अस्पताल के वार्ड में अचेत अवस्था में मिला। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आर्यन और उसके परिजनों ने जिला अस्पताल के सुपरवाइजर मूलचंद पटेल पर प्रसाद में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा भी किया। इधर जिला अस्पताल के सुपरवाइजर मूलचंद पटेल का कहना है कि सुरक्षा गार्ड आर्यन जोशी एनआरसी कक्ष में ड्यूटी करता है। वह वार्ड में शराब के नशे में धुत अचेत अवस्था में सो रहा था।

3 महीने से उसे चेतावनी दी जा रही थी की ड्यूटी होश में करे, ड्रेस पहनकर आएं और प्वाइंट पर मौजूद रहे। तो उन्होंने मुझे फंसवाने की धमकी दी थी। चैकिंग के लिए मैं राउंड पर गया तो वह नहीं मिला। मैंने 1 बजकर 41 मिनट पर चेक किया, फिर पौने 3 बजे चेक किया तब भी वह नहीं था। फिर 3.55 बजे एनआरसी वार्ड में अचेत अवस्था में पड़ा था, उसने बहुत अधिक मात्रा में शराब पी रखी थी। इसलिए मैंने आर्यन को सुरक्षा गार्ड से हटाने की बात ग्रुप में लिखी। तो उन्होंने मेरे खिलाफ यह साजिश रची। जिसकी शिकायत मैंने सीएमएचओ कार्यालय, जिला अस्पताल और थाने में भी की है। मूलचंद का कहना है कि सुरक्षा गार्ड महेंद्र जोशी उसका बेटा आर्यन जोशी और अरमान जोशी तीनों अस्पताल में गार्ड हैं और शराब के नशे में ही अस्पताल में ड्यूटी करते हैं।

### एक घंटे प्रदर्शन जांच में जुटी पुलिस

आर्यन के चाचा और शिवसेना जिला प्रमुख राहुल जोशी ने अस्पताल परिसर में एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया और कहा कि आर्यन ने कमीशन देने से इनकार कर दिया था, इसी वजह से उसे निशाना बनाया गया। मौके पर पहुंचे कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 2 दिन में आ जाएगा 200 मीट्रिक टन खाद, टोल फ्री नंबर से टोकन लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की विशेष पहल पर जिले में रासायनिक उर्वरकों की मात्रा पर्याप्त रूप में भंडारित कराई जा रही है।

शासन द्वारा टोल फ्री नंबर 07592-181 जारी किया गया है। जिसके माध्यम से किसान भाई खाद क्रय करने हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि विपणन संघ के भंडार केंद्रों पर भंडारित स्कंध का नकद वितरण केन्द्रों द्वारा किया जा रहा है। यदि इन केन्द्रों पर किसानों को खाद प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो जारी टोल फ्री नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित की जिला विपणन अधिकारी श्रीमती रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार 11 सितम्बर को पचोर रैक से लटेरी तहसील हेतु पीपीएल उर्वरक, डीएपी 100 मीट्रिक टन तथा एपीएस 20.20.0.13 का सौ मीट्रिक टन आवंटन हुआ है। जिले को कुल दो सौ मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक 2 दिन में प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त जिले में सहकारी समितियों को प्रदायक मेसर्स नर्मदा बायो केम लिमिटेड द्वारा 500 मीट्रिक टन प्राप्त हुआ है जिसका वितरण कृषि, राजस्व विभाग की निगरानी में किया जा रहा है।

### नैंसी ने बीएससी गृहविज्ञान में स्वर्ण पदक हासिल किया

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज की छात्रा नैंन्सी लोधी ने बीएससी गृहविज्ञान की विश्वविद्यालय परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने नैंन्सी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह कॉलेज के लिए गौरव की बात है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती मल्होसिया ने भी छात्रा को बधाई दी है।

## नकली खरपतवार नाशक से बर्बाद फसलों का मुआवजा तुरंत दिया जाए

### किसानों ने सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

गुलाबगंज में किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम गुलाबगंज तहसीलदार को ज्ञापन दिया। किसान कांग्रेस की प्रमुख मांग है कि पर्याप्त मात्रा में खाद यूरिया उपलब्ध कराया जाए। नकली बीज नकली उर्वरक, नक़ली खरपतवार नाशक, अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजा तुरंत दिया जाए।

### अब भी... मुआवजे से वंचित हैं कई किसान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रवि एवं खरीफ वर्ष 2023-2024, एवं रवि वर्ष 2024-2025 के अनुसार गुलाबगंज तहसील को क्लेम राशि से वंचित रखकर तहसील क्षेत्र के किसानों के साथ छलावा किया गया है। जबकि दर्जन भर से ज्यादा गांवों में ओलावृष्टि हुई थी। इसके बाद मौका मुआयना करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं दौरे पर आए थे लेकिन फ़िर भी तहसील के किसान बीमा राशि से वंचित रह गए। जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने कहा कि इसकी सात दिवस के अंदर तुरंत जांच की जाकर किसानों को बीमा क्लेम दिलवाया जाए, अन्यथा किसानों के साथ तहसील घेराव किया जाएगा।

**व्यापारियों और ट्रक व ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में निर्णय**

## ट्रालियों से परिवहन के खिलाफ ट्रांसपोर्ट संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** बैठक के दौरान व्यापारियों को निर्देश देते हुए जिला परिवहन अधिकारी।

कृषि उपज मंडी परिसर में नीलामी के बाद व्यापारियों के गोदामों तक वाहनों से ओवरलोडिंग अब नहीं होगी। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।

विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा गल्ला मंडी से विभिन्न भंडार गृह तक स्थानीय परिवहन कार्य में गैर व्यवसायिक वाहनों जैसे ट्रालियों द्वारा परिवहन किये जाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। ट्रक संचालकों ने ट्रालियों से परिवहन किये जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय मप्र खंडपीठ ग्वालियर में याचिका में याचिका लगाई है। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के पालन में गुरुवार को बेतवा सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बैठक के उद्देश्य के बारे में बताया। विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि विदिशा शहर में अवैध ट्रेक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से व्यापारियों द्वारा अनाज का परिवहन किया जा रहा है। जिसके संबंध में उनके द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की गई है।

### आरटीओ अधिकारी बोले: ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का वैध पंजीयन, बीमा कराया जाए, ओवरलोडिंग न हो

अनाज तिलहन उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि शहर में सकरी गलियां होने के कारण ट्रकों से अनाज परिवहन किया जाना संभव न होने के कारण ट्रेक्टर-ट्रालियों के माध्यम से परिवहन कराना पड़ता है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सकरी गलियों में छोटे ट्रकों के माध्यम से परिवहन कराया जा सकता है अथवा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से परिवहन कराया जाना है तो उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का वैध पंजीयन, बीमा कराने तथा मोटरयान कर जमाकर व्यवस्थित रूप से परिवहन किया जाए। जिस पर ट्रक यूनियन को भी कोई आपत्ति नहीं है। बैठक में उपस्थित विभिन्न सदस्यों द्वारा अपने अपने पक्ष रखने के बाद अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने कहा कि अनाज परिवहन करने वाले व्यापारियों के ट्रैक्टर-ट्रालियों को अपने वाहन के आरटीओ संबंधी प्रपत्र पूर्ण कराने आवश्यक है। जिन्हें पूर्ण कराकर नियमानुसार ही अनाज का परिवहन किया जाए तथा ऐसा न होने पर आरटीओ तथा यातायात प्रभारी द्वारा नियमानुसार संबंधित वाहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त ट्रक आदि अन्य वाहनों पर भी नियम विरुद्ध संचालन पर उचित कार्रवाई की जाए।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2672
उच्चतम भाव-3306
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2774
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2492
उच्चतम भाव- 2530
चना
न्यूनतम भाव-4680
उच्चतम भाव-6030
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8200
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव- 3310
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4510
सरसों
न्यूनतम भाव-4310
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव- 7000
तुअर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-4500
उड़द
न्यूनतम भाव-3620
उच्चतम भाव- 6185
धान
न्यूनतम भाव-1880
उच्चतम भाव-2400
धनिया
न्यूनतम भाव-5960
उच्चतम भाव- 6530

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 8502 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।



गंजबासौदा। जब कांस पूरी तरह फूल जाती है, तो ऐसा माना जाता है कि वर्षा ऋतु ने बुढ़ापा धारण कर लिया हो। कांस फूलना वर्षा ऋतु के अंत का संकेत देती है, क्योंकि कांस के फूलना मानसून की विदाई का पारंपरिक संकेत माना जाता है।

# फूलै कांस सकल महि छाई, जनु बरसा कृत प्रगट बुढाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पुरानी मान्यता है कि जब बारिश में काँस का पौधा लगभग 3 मीटर तक लंबा हो जाता है और पुरानी मान्यता अनुसार जब काँस फूलने लगता है तो लोग यह उम्मीद करने लगते थे कि अब बारिश जाने वाली है और खेतों में किसान कटाई करना शुरू कर देते थे। पर अब कई चीजें बदल गई है अब बारिश का अनुमान मौसम की कई वेबसाइट के अनुसार लगाया जाता है। मगर काँस फूलने की अभी भी पुरानी परंपरा कायम है और ग्रामीण आज भी इसी से अनुमान लगाते है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में शरद ऋतु वर्णन के माध्यम से बहुत ही सुंदर उपदेश किये हैं। श्री राम अनुज लक्ष्मण से कह रहे हैं कि बरषा ऋतु बीत गई है और परम सुहावनी शरद ऋतु का आगमन होने जा रहा है। फूले हुए कास(कांस) से सारी धरती छा गई है मानो बर्षा ऋतु ने कास के सफेद फूलों के रूप में अपना बुढापा प्रकट कर दिया है। बरषा बिगत सरद ऋतु आई, लक्ष्मण देखहु परम सुहाई, फूले कास सकल महि छाई, जनु बरषा कृत प्रगट बुढाई। इन दिनों खेतों की मेढ़ों पर चहुँओर फूले हुए कांस के सफेद फूलों की छटा छाई हुई है। गोस्वामी जी ने कास के सफेद फूलों से बुढ़ापे के कारण सफेद हुए बालों की तुलना की है। वैसे जिन्हें सन से सफेद बाल कहा जाता है वे ही कास के फूलों से सफेद बाल हैं।.जिनके बारे में कहा जाता है कि हमने बाल धूप में सफ़ेद नहीं किये हैं।

**विवरण:प्रकृति प्रेमी एवं पंचतत्व संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी की फेसबुक पोस्ट से साभार**

## साधारण किसान 33 साल से कर रहे हैं कैंसर पीड़ितों की सेवा

# गमाखर के अजय सिंह रघुवंशी धन्वंतरि गौरव से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




कैंसर...जिसका नाम सुनते ही रूह कांप जाती है और जीवन के सामने एक पल के लिए अंधेरा छा जाता है। लेकिन इसी अंधेरे में पिछले 33 वर्षों से एक साधारण किसान उम्मीद की किरण बनकर लोगों के जीवन में रोशनी फैला रहा है। अपने श्रम और करुणा से समाज की जिंदगियाँ सँवारने वाले ऐसे किसान की पहचान भी साधारण होकर भी अब असाधारण बन गई है। सेवा की ऐसी ही कुछ अनूठी मिसाल पेश की है, नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम गमाखर के एक साधारण से सीमांत किसान और समाजसेवी अजय सिंह रघुवंशी ने, जो पिछले 35 वर्षों से निशुल्क रूप से कैंसर पीड़ितों की सेवा में जुटे हुए हैं। गांव के खेत से शुरू हुए सेवा के इस सफर में वह अब तक विदिशा जिले के अलावा मध्य प्रदेश सहित कई प्रांतों के 1680 कैंसर पीड़ितों की जिंदगी में नई राह दिखा चुके हैं और उनके चेहरे पर खोई हुई मुस्कान फिर से लौट आई है। वे न केवल रोगियों को मुंबई तक ले जाकर उपचार की राह आसान बनाते हैं, बल्कि हर कदम पर उन्हें भावनात्मक सहारा और मार्गदर्शन के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर कैंसर पीड़ितों को समाज के सहयोग से उनके इलाज की राह आसान बना देते हैं। उनकी इस असाधारण निस्वार्थ सेवा, त्याग और समर्पण को मान्यता देते हुए भोपाल में आयोजित हुए आरोग्य भारती व्याख्यानमाला के प्रदेश स्तरीय 11 वें वार्षिकोत्सव में जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य महाराज, लेखक-निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, श्री स्वांत रंजन और डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने मिलकर उन्हें 'धन्वंतरि गौरव सम्मान' प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम गमाखर निवासी अजय सिंह रघुवंशी बाल्यावस्था से ही एक स्वयंसेवक के रूप में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी सेवा का यह दायरा गांव से निकलकर अब कैंसर पीड़ितों की सेवा में जीवन समर्पित हो चुका है। सुदर्शन समाज उत्थान सेवा समिति के माध्यम से अब कैंसर पीड़ितों के लिए और भी बेहतर प्रयासों की श्रृंखला शुरू कर चुके हैं। सेवा की इस यात्रा में कई जाने अनजाने चेहरे उनके साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं जो समाज कि गुमनामी से बाहर हैं।

अजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सेवा यात्रा की शुरुआत उनके जीवन के सबसे कठिन दौर से हुई। "जब माँ को कैंसर हुआ, इलाज के दौरान हर मुश्किल, मैंने अपनी आँखों से देखी। आज से करीब 35 साल पहले भोपाल तो दूर उन्होंने विदिशा जिला भी ठीक ढंग से नहीं देखा था और कैंसर पीड़ित मां के इलाज के लिए एक बोरी में खाने का सामान भरकर मुंबई की राह पकड़ ली थी। मां के उचित उपचार में डॉक्टरों की तलाश करते-करते कई दर्द मिले, यही दर्द मुझे प्रेरित कर गया कि अब किसी और परिवार को अकेले इस पीड़ा से नहीं गुजरना पड़ेगा।" माँ की पीड़ा ने मुझे रास्ता दिखाया कि अब कोई भी कैंसर पीड़ित परिवार अपने आपको अकेला न समझे।" जब तक सांस है, मैं कैंसर पीड़ितों के साथ सातों दिन और 24 घंटे खड़ा रहूंगा।

**जिले में बढ़ रही है कैंसर मरीजों की संख्या**

**गंजबासौदा।** अजय सिंह बताते हैं कि कोरोना काल के बाद कैंसर पीड़ितों की संख्या में चौंकाने वाली वृद्धि हुई है। केवल विदिशा जिले में ही नहीं बल्कि ग्वालियर, हरदा, रायसेन जिलों में बढ़ती कैंसर पीड़ितों की संख्या चिंतनीय है। जिले में जिस तरह से फसलों में बे-हताशा पेस्टिसाइड जहरीली रासायनिक दवाइयों के उपयोग साथ साथ हमारी असंतुलित दिनचर्या और दूषित खान पान से कहीं ना कहीं कैंसर को बढ़ावा मिल रहा है। कोरोना से पहले 10 से 12 मरीज हर महीने कैंसर की जांच और इलाज के लिए मुंबई जाते थे। लेकिन अब यह आंकड़ा 30 से 40 पर पहुंच गया है जो शोध का विषय है। कैंसर पीड़ितों की संख्या वाले जिले अब धीरे-धीरे पंजाब की तरह बढ़ती दिखाई दे रही है। अजय सिंह ने बताया कि कैंसर पीड़ित की 50% बीमारी तो भावनात्मक संबल देने से और बची बीमारी उचित परामर्श से ठीक हो जाती है। ऐसे कई उदाहरण उनके पास है जो इस तरह ठीक हुए हैं।

# विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने की साइकिल वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को दोपहर के समय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में पहुंचकर निःशुल्क साइकिल वितरण, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण एवं बाल कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह एवं वाटर कूलर का लोकार्पण किया एवं शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत प्रदत्त सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य द्वारा स्कूल में बैठने बच्चों को जगह पर्याप्त न होने के कारण पांच कमरे एवं का हाल बनाने की मांग का ज्ञापन विधायक को सौंपा। ज्ञात हो कि त्योंदा स्कूल में 721 बच्चे हैं और बच्चों को बैठने की व्यवस्था नहीं है। इस मौके पर त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश दुबे, श्रीराम अहिरवार, मुकेश पटेल, अमित पटेल, गोलू श्रीवास्तव, आकाश कुशवाहा सहित स्टॉफ मौजूद था।

# मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ठ उ.मा. विद्यालय में प्रदेश स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रावीण्य सूची में आये मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, रूपेन्द्र शर्मा गुड्डा, बीईओ परता अहिरवार, विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा सहित विद्यालयीन स्टॉफ सहित छात्र,छात्राएं उपस्थित थे।

### आरोपी नहीं पकड़ाए, आज नीलामी में भाग नहीं लेंगे व्यापारी

**गंजबासौदा।** गत दिवस गल्ला व्यापारी प्रतिनिधि पर हमला कर लूट का प्रयास किया गया था। जिसके विरोध में एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर व्यापारियों द्वारा एसडीओपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने कहा था कि अगर शीघ्र आरोपियों को नहीं पकड़ा गया तो वह नीलामी में भाग नहीं लेंगे। इस कारण शुक्रवार को व्यापारी नीलामी में भाग नहीं लेंगे। इसके बाद शनिवार एवं रविवार को छुट्टी होने के कारण अब मंडी सोमवार को खुलेगी।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को किया जागरुक

**गंजबासौदा।** हव फॉर एम्पावरमेंट आफ वूमेन के तहत 2 से 12 सितंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को पोषण, एनीमिया, महिला सुरक्षा कानून और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है। गुरुवार को सेक्टर सुपरवाइजर सीमा ठाकुर द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण की विस्तार से जानकारियां दी गई। इस अवसर पर महिलाएं, किशोरी, कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहीं।

### सेवा भारती द्वारा सुपोषण के बारे में जानकारी दी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को सुपोषण सप्ताह के अंतर्गत शासकीय कन्या मंडी स्कूल में सुपोषण के बारे में डॉ. शशि ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई। ठाकुर ने बताया कि जीवन में तीन प्रकार के पोषण होते हैं। पोषण, सुपोषण और कुपोषण अच्छा भोजन करने से अच्छा मन होता है। सुपोषण में अनेक प्रकार के विटामिन्स होते हैं। उन्होंने छात्राओं को विटामिन ए, बी, सी, डी, ई एवं सभी विटामिन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिससे एक स्वस्थ, कुपोषण मुक्त भारत का निर्माण हो सके। इस अवसर पर जिला संघ चालक विनोद शाह, राष्ट्रीय सेविका प्रमुख जय रघुवंशी, सेवा भारती नगर निरीक्षिका रश्मि सोनी, सेवा भारती नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल एवं सचिव मयंक टांक, शाला प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित था।



# देवकार्य से पहले पितरों को प्रसन्न करना कल्याणकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



श्रीमद भागवत कथा कहते हुए पं प्रमेहानंद शास्त्री ने कहा कि गरुण पुराण में कहा गया है कि देवकार्य से भी पितृ कार्य का विशेष महत्व है। अतः देवकार्य से पहले पितरों को प्रसन्न करना अधिक कल्याणकारी है। शास्त्री ने कहा कि पितृपक्ष मे पूर्वजों का सम्मान सबसे पवित्र माना जाता है। मृत आत्मा का सम्मान करने से उसको मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि वह भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उनकी विष्णु के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास था। नारदजी द्वारा उन्हे ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करने को कहा था। जिससे उन्हे भगवान विष्णु की प्राप्ति हुई। वहीं राजा अम्बरीश के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भगवान विष्णु के परम भक्त थे। अपना अधिकांश जीवन धार्मिक अनुष्ठानों में बिताते थे। प्रमेहानंद शास्त्री ने सती का चरित्र वर्णन करते हुए कहा कहा कि उन्हे भगवान शिव से अटूट प्रेम था। लेकिन जब वह भगवान शिव की इच्छा के विरूद्द अपने पिता दक्ष के घर यज्ञ में गई और वहां उन्होने शिव का स्थान नही देखा तो वह क्रोधित हो उठी और शिव का अपमान सहन नही कर सकी और अपने आपको यज्ञ वेदी में जला दिया। राजा बलि की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि राजा बलि पराक्रमी और न्याय प्रिय असुर थे। जिन्होने अपनी दानशीलता और तपस्या के बल पर तीनों लोकों में अधिकार कर लिया। तब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि ने अपना सब कुछ समर्पित कर दिया तब भगवान ने उन्हे प्रसन्न होकर पाताल लोक का राजा बना दिया।

## 450 मरीजों के लिए 3 करोड़ 50 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

# विधायक के प्रयास से मरीजों को मिल रहा समय पर उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयास से प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री मोहन यादव अब तक गंजबासौदा ग्यारसपुर क्षेत्र करीब 450 मरीजों को जिनमें से कुछ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे उनके लिए अब तक करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए दे चुके हैं। जो राशि सीधी अस्पताल के खाते में चिकित्सीय प्राक्कलन स्टीमेट के आधार पर अस्पताल के खाते में पहुंची जिससे समय पर मरीजों का उपचार हो सका। यह मदद उन परिवारों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं थी, जो लंबे समय से महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ थे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयास से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तत्काल राहत राशि स्वीकृत की यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और आमजन को राहत पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस सहायता से न केवल मरीजों को बेहतर इलाज मिला, बल्कि परिवारों पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ा। मुख्यमंत्री के तत्काल राशि स्वीकृत करने पर उपचार पाने वाले मरीजों के परिजनों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें क्षेत्रीय विधायक के रूप में हरिसिंह रघुवंशी जैसा विधायक व मोहन यादव जैसा संवेदनशील मुख्यमंत्री मिला है। जिसने स्टीमेट के आधार पर तत्काल राशि स्वीकृत की है। पूरे मामले में विधायक ने कहा कि अब तक करीब 450 जरूरत मंद मरीजों को उपचार के लिए राहत राशि मिली है और यह सिलसिला सतत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही अंतिम व्यक्ति तक के उदय की बात करती रही है। ऐसे में प्रत्येक बीमार व्यक्ति के उपचार की जवाबदेही भी हमारी सरकार की है मेरे पास जो भी जरूरतमंद बीमार व्यक्ति या उनके परिजन आते हैं मैं तत्काल उनकी मदद के लिए मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता से बीमारी उपचार हेतु अनुदान के लिए पत्र लिखता हूं।

वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि इस समय प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। वरिष्ठ नेतृत्व के माध्यम से इस समय देश में अनेक ऐसी जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिससे प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है व विकास के अनूठे कार्य हो रहे हैं।

### सेन समाज की बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** गुरुवार को उदयपुर में सेन समाज की बैठक में मुकेश सेन जिला अध्यक्ष विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल शामिल हुए। बैठक के दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश का समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में हरिशंकर सेन को अध्यक्ष घोषित किया गया। यह बैठक उदयपुर सेन समाज के संरक्षण में संपन्न हुई। इस मौके पर गोलू सेन, रानू सेन सहित अनेक समाजबंधु मौजूद थे।

# शब्द सामर्थ्य का विमोचन समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुनिराज 108 संभव सागर महाराज के सत्संग सानिध्य में महावीर विहार के सभागार में साहित्यकार संघ एवं सृजन परिदृश्य के सृजन शील रचनाकारों की रचनाओं का संग्रह शब्द सामर्थ्य स्मारिका का विमोचन नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, रक्त सेवा समिति के संरक्षक राजेश तिवारी, श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ. विमल चंद ओसवाल, कमल ओसवाल, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की शिक्षा समिति अध्यक्ष अनिल ओसवाल, राजेश माथुर, तेज नारायण श्रीवास्तव, सुरेश तनवानी, सुनील बाबू पिंगले, पूर्व स्टेशन मास्टर शिखरचंद जैन, सतीश जैन मंत्री द्वारा किया गया। विमोचन के पूर्व आचार्य श्री गुरुवर विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विमोचन कर्ताओं द्वारा पूर्ण श्रद्धा सहित भाव समर्पित किए गए। इस आयोजन को सकल जैन समाज की अभूतपूर्व उपस्थिति ने दिव्यता एवं भव्यता प्रदान की। साहित्यकार प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन, ऋषभ बिंदास, कमलेश सोनी, वेदराज निहाल सिंह पंथी, राकेश जैन विद्युत, चंद्रकुमार तारण, अनिल त्रिपाठी, राजेश भावसार, फहीम बसोदवी, अशोक शाह पेंटर, डॉ. महेंद्र प्रताप मेहता, शिखर चंद शिखर, गीतकार राजेश नेमा, गीतकार अशोक जैन, ओपी प्रजापति, मेहताब सिंह विश्वकर्मा, भरत सराठे सहित अनेक साहित्य कार, संगीतकार, गीतकार उपस्थित थे। यह स्मारिका स्मृति शेष वरिष्ठ साहित्यकार बाबूलाल महेश्वरी, बाबूलाल चाचा, डॉक्टर मदन लाल वैद्य, बद्री प्रसाद भारतीय, सीता राम मनमौजी, एडवोकेट नेमीचंद जैन को श्रद्धा सुमन सहित समर्पित है। कवि हरिनारायण हरि ने साहित्यकार संघ की ओर से 108 मुनिराज संभव सागर महाराज एवं संघ, सकल जैन समाज एवं अतिथियों एवं महिला शक्ति का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप



### मुनि श्री के समक्ष बैनर का विमोचन

**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा जैन समाज के पत्रकारो के राष्ट्रीय अधिवेशन जो कि 5 अक्टूबर 2025 को अशोकनगर में आयोजित होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के सांनिध्य में कार्यक्रम के बैनरो का विमोचन मुनि श्री के समक्ष किया गया। मध्यप्रदेश आईजा के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने बताया कि कार्यक्रम का विमोचन मुनि श्री के सांनिध्य के अलावा कार्यक्रम के निर्देशक वरिष्ठ समाजसेवी हुकुम जी काका,डॉ राजीव जैन बंटी,सौरभ जैन,आहान जैन सैनानी सहित हजारो धर्मप्रेमी बन्धु उपस्थित रहें। कार्यक्रम में आईजा के राष्ट्रीय हार्दिक हुंडिया के साथ देश की विभिन्न हस्तियां शामिल होगी। इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न राजनेताओ ने आने की स्वाकित प्रदान की है। साथ ही कार्यक्रम में आईजा महिला विंग की विभिन्न पत्रकार सहित मध्यप्रदेश के समस्त जिलो व तहसीलो से जैन पत्रकार कार्यक्रम में शामिल होगे।

### कलेक्टर के निर्देश पर दीनदयाल रसोई का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम अदिति यादव, तहसीलदार संदीप तिवारी एवं मकरोनिया नगर परिषद के सीएमओ पवन शर्मा ने मकरोनिया स्थित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और परिसर एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दीनदयाल रसोई में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोजन में उपयोग होने वाले सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और

### आईडीबीआई बैंक ने स्कूलों को सौंपी सामग्री

**गुलाबगंज।** गुरुवार को आईडीबीआई बैंक शाखा गुलाबगंज द्वारा एकीकृत शामा शाला मढी चौबीसा को 20 सेट डेक्स ब्रेंच 5 पंखे 1 वॉटर कूलर 1 कार्यालय अलमारी शाला को दी गई। जिसमें गुलाबगंज शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार एवं कुआखेड़ी प्रबंधक एवं अन्य कर्मचरियों ने ग्राम के सरपंच लाखन सिंह दांगी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेर सिंह दांगी के समक्ष समाग्री शाला को सौंपी। जिस पर शाला परिवार एवं छात्रों द्वारा बैंक का आभार व्यक्त किया।

### समारोह में पूरे गांव ने जताया सम्मान

**खामखेड़ा।** शिक्षक मुकेश श्रीवास्तव जिन्होंने लगातार 39 वर्षों तक एक ही स्कूल में सेवा दी वह गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। श्री श्रीवास्तव को शाल, श्रीफल और फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। विदाई के अवसर पर पूरे गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण जन इसमें शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। ग्रामवासियों ने कहा कि मुकेश श्रीवास्तव ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, बल्कि गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। उनका स्नेह और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।

---

छत्री नाका चौराहा पर हुआ महाआरती का आयोजन, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# मुनिश्री 108 सुधासागर महाराज का धूमधाम से मनाया 43वां दीक्षा दिवस

*जहां भी मुनि श्री पहुंचते हैं, वह धरती धार्मिक आनंद से सरोबोर हो जाती है: नपा अध्यक्ष साहू*



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

मुनिश्री 108 पुगंव सुधा सागर महाराज का 43वा दीक्षा दिवस गुरू भक्तों द्वारा बडें ही धूमधाम से मनाया गया। शहर में पहली बार जैन समाज का कोई कार्यक्रम सार्वजनिक स्थान व शहर के मुख्य चौराहा छत्री नाका पर आयोजित किया गया। इस महाआरती कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालुओं अलावा पुरूष,महिला वर्ग,युवा वर्ग ने पूरी मस्ती के साथ नृत्य किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण भी किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,सासंद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी,सकल जैन समाज सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

**व्यक्ति के जीवन मूल्यो में आता है सकारात्मक परिवर्तन** - इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू ने कहा कि जहां भी मुनि श्री पहुंचते हैं, वह धरती धार्मिक आनंद से सरोबोर हो जाती है। वे जिस भी स्थान गए वहां मंदिर निर्माण कराया। मंदिर निर्माण का कार्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मंदिर के माध्यम से व्यक्ति के जीवन मूल्यों में सकारात्मक परिवर्तन आता है, वह सत्य के मार्ग को चुनता है। उसके विचारों में संयम आता है और वह आध्यात्मिक विकास की ओर बढ़ता है। वही उन्होने आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज को नमोस्तु करते हुए कहा कि विद्यासागर जी के संदेशों और सिद्धांतों से आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक जागृति के साथ ही देश के बड़े-छोटे लघु उद्योगों को बढ़ावा मिला है। उन्हीं के शिष्य मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने तप, तपस्या और कठिन परिश्रम से समाज में एक नई चेतना का प्रवाह किया है। उनके द्वारा सामाजिक सरोकार के लिए किये जा रहे कार्य अंधकार में एक ज्योति के समान हैं।



**मुनि श्री कर चुके हजारों किलो मीटर की पैदल यात्रा** - वही सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी ने कहा कि मुनि श्री के मार्गदर्शन में अनेक जगह गोशाला, विद्यालय, अस्पताल, लघु उद्योगों की स्थापना जैसे पुण्यार्थ के कार्य किए गए हैं, जिससे अनेक व्यक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मुनिश्री के सानिध्य में ही कोटा में बालिका छात्रावास, चिकित्सालय और गोशाला का निर्माण कराया गया है। वहां अध्यनरत छात्रों के जीवन में संस्कारों की नींव पड़ी, सात्विक विचार शामिल हुए। ऐसी पीढ़ी को तैयार करने का श्रेय मुनिश्री को जाता है। उन्होंने कहा कि मुनिश्री अपने जीवन में हजारों किलो मीटर की पैदल यात्रा कर चुके हैं। ऐसी तपस्या और परिश्रम करने वाले मुनिश्री का सानिध्य आप सभी को मिला यह आप सभी के लिए परम सौभाग्य की बात है। वही उन्होने कहा कि देश और दुनिया में भगवान महावीर स्वामी के विचार आज और भी प्रासंगिक हो गए हैं। जैन धर्म जिस शांति, संभाव और अहिंसा का मार्ग बतलाता है। आज उसे दुनिया ने भी स्वीकारा है।

---

## प्रारंभिक बाल विकास एवं देख भाल विषय पर डिजिटली विडियोज प्रशिक्षण आयोजित



**सिरोंज।** बच्चों की प्रारंभिक बाल विकास एवं देखभाल के लिए विडियोज के द्वारा डिजिटल इंटरवेंशन संगत संस्था द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एंव बाल विकास विभाग के साथ सहारा परियोजना के तहत लालन पालन कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को एक दिवसीय प्रारंभिक बाल विकास एवं देखभाल विषय पर डिजिटली विडियोज प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य शिशु के प्रारंभिक बाल विकास पर कार्य करना है और शिशु की सही देखभाल सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित है विभाग से सेक्टर सुपरवाइजर,संगत से जिला समन्वयक प्रशांत शर्मा,वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉक्टर रितिका,सुपरवाइजर रामकुमार सप्रे,महेंद्र सिंह कुशवाह सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## आंगनबाड़ी केन्द्र पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिरोंज।** गुरूवार को ग्राम रूसलीदामा आंगनवाड़ी केन्द्र पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम की महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस मौके पर सुपरवाइज़र द्वारा ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व अभियान पर चर्चा की गई और बेटियों की शिक्षा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य से संबंधित छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। अनिमा मैडम ने महिलाओं को जीवन सुरक्षा बीमा की योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक किया। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव ने महिलाओं को महिला शक्ति के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपनी शक्ति व क्षमताओं का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

---

पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जाएगा प्रकरणों में राजीनामा

## शनिवार को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**सिरोंज।** शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय में आयोजित किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में अपराधिक एवं सिविल,चेक बाउंस,मोटर दुर्घटना,भरण पोषण,बैंक रिकवरी,जलकर,संपत्ति कर,विद्युत विभाग के मामले सहित सभी राजीनामा योग्य मामलों में पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरणों में राजीनामा किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में नया शुल्क मुक्त आवेदन लिए जाएंगे। जिस पर किसी प्रकार की कोई कोर्ट फीस नहीं ली जावेगी। इस नेशनल लोक अदालत के आयोजन से पक्षकारों के धन समय अन्य परेशानियां से पक्षकारों को मुक्ति मिलेगी। सिरोंज न्यायालय में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए सिरोंज अभिभाषक संघ के सदस्य न्यायालय परिवार सक्रिय दिखाई दे रहा है। साथ ही अधिक से अधिक मामलों में राजीनामा करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर में विगत एक हफ्ते से आम नागरिकों को नेशनल लोक अदालत में होने वाले लाभों से अवगत कराने के लिए नगर पालिका की गाड़ी से शहर एवं ग्रामीण अंचलों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



## फुटबॉल प्रतियोगिता में आज होगा फाइनल मुकाबला



**सिरोंज।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल की तस्वीर साफ की। गुरूवार सुबह हुए बालक वर्ग के मुकाबले में इंदौर-भोपाल 0-0,शहडोल-रीवा 0-3 से रीवा ने विजयी प्राप्त की। वही उज्जैन-नर्मदापुरम 0-0 पर रही। वही बालिका वर्ग में भोपाल-उज्जैन 1-0,शहडोल-इंदौर 4-2 में शहडोल विजयी प्राप्त की। वही जबलपुर-ग्वालियर के बीच हुए मुकाबले में 0-3 से ग्वालियर जीत हासिल की। इसी के साथ सेमीफाइनल में बालक वर्ग में जनजातीय विभाग-भोपाल,इंदौर-सागर एंव बालिका वर्ग में शहडोल-ग्वालियर व इंदौर-भोपाल आदि ने अब तक हुए मुकाबलों में टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। तो वही लंच के बाद सेमीफाइनल खेले गए और उसके बाद प्रतियोगिता और भी रोमांचक हुई। फाइनल मुकाबला और थर्ड प्लेस मैच आज खेले जाएंगे।

---

## नवोदय के छात्रों को जंक फूड न खाने और शुद्ध अन्न अपनाने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद



भारत अन्नशुद्धि पदयात्रा के जनक गौरव त्यागी ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय महानीम चौराह पहुंचकर छात्रों से संवाद किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सैकड़ों छात्रों ने सामूहिक रूप से जंक फूड न खाने और शुद्ध अन्न अपनाने की शपथ ली। पूरा वातावरण शुद्ध भोजन – स्वस्थ जीवन के नारों से गूंज उठा। गौरव त्यागी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा जंक फूड केवल शरीर को बीमारियां देता है, जबकि शुद्ध अन्न ही हमें स्वस्थ और सशक्त बनाता है। अगर बच्चे और किसान जागरूक हो जाएं, तो आने वाली पीढ़ी बीमारियों से मुक्त और मज़बूत भारत बनेगी।

**4000 किमी की पदयात्रा**

उत्तर प्रदेश निवासी गौरव त्यागी इन दिनों 4000 किलोमीटर लंबी भारत अन्नशुद्धि पदयात्रा पर हैं। उन्होंने यह यात्रा 26 जून 2025 को लाल चौक, श्रीनगर (कश्मीर) से प्रारंभ की थी। अब तक वे 1650 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। यात्रा के दौरान वे अब तक 28 हज़ार छात्रों, 25 हज़ार किसानों और 20 हज़ार नागरिकों से सीधे संवाद कर चुके हैं।

## छात्रों को अवसर और सहायता में मप्र अग्रणी: हरिसिंह सप्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई



सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में मुख्यमंत्री ई–स्कूटी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मप्र की सरकार विद्यार्थियों को हर संभव अर्थिक मदद और अवसर प्रदान कर रही है।

जिसका लाभ लेकर अपना भविष्य उज्जवल तयार करना तुम्हारा काम है शासन द्वारा साइकिल गणवेश, पुस्तके, लेपटॉप और स्कूल टॉपर्स को स्कूटी क्रय करने 1 लाख 20 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है। जो शिक्षा के इतिहास में कभी भी नही हुआ और अब विद्यार्थियों अपनी योग्यता से विदेश में शासकीय व्यय पर शिक्षा प्राप्त कर सकते है। ये घोषणा आज ही मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंच से की है।

### शमशाबाद के मुकुल धीरन बने मास्टर ऑफ लॉ

**शमशाबाद।** नगर के मुकुल धीरन ने राष्ट्रीय विधि स्कूल ऑफ इंडिया विश्वविद्यालय, बैंगलोर से मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) की उपाधि प्राप्त कर शमशाबाद का नाम रोशन किया है। यह उपाधि उन्हें सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली के न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा द्वारा बैंगलोर में आयोजित समारोह में प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद, कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, समाजसेवी डॉ. भैरों सिंह गुर्जर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, भाजपा नेता मनोज साहू, शिक्षक मांगीलाल माहेश्वरी, कमलेश सेन, शिक्षक संघ अध्यक्ष सुदामा प्रसाद शर्मा, पत्रकार ईश्वरी भार्गव, विनय सक्सेना, विमल विश्वकर्मा,दिलीप चौरसिया, जनपद उपाध्यक्ष नीलेश किरार, सरपंच मुकेश मेहर, किशन सिंह राजपूत एडवोकेट, पार्षद अंकित चौहान, दीपक मेहर सहित नगर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों ने मुकुल धीरन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा ने प्रदान की उपाधि**



### किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त मात्रा में खाद

**ग्यारसपुर।** तहसील के किसान इन दिनों खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। रबी सीजन की बुवाई शुरू होने के साथ ही किसानों को यूरिया और डीएपी की भारी जरूरत है, लेकिन सोसाइटी से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही।किसानों का कहना है कि खाद लेने के लिए उन्हें सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगना पड़ता है। दिनभर इंतजार करने के बाद भी उन्हें केवल एक या दो बोरी यूरिया और डीएपी ही मिल पाती है, जो कि उनकी खेती के लिए नाकाफी है। ग्यारसपुर सोसाइटी में पहुंचे सात गांवों के किसानों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके और रबी की बुवाई प्रभावित न हो।




## लुटेरी दुल्हन व उसके साथियों सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने लुटेरी दुल्हन व उसके साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा उनि पूजा रावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जनिमें रईस पिता अब्दुल रहमान, उम्र 38 वर्ष, निवासी कोला बस्ती ईटखेड़ी, जिला भोपाल रामजी पिता केशलाल वर्मा, उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम समसबाड़ा, जिला छिंदवाड़ा दीनाराम पिता ताराचंद वर्मा, उम्र 69 वर्ष, निवासी ग्राम जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा पायल जैनवार पति देवेंद्र जैनवार उम्र 23 वर्ष, निवासी द्वारका नगर, भोपाल नंदनी चिमटे पिता दीपक चिमटे, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम कुम्हारिया, जिला बैतूल शामिल हैं।

10 सितंबर को फरियादी सोनिका राजपूत, निवासी ग्राम सांकला, थाना दीपनाखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके भाई सुरेन्द्र की शादी के लिए लुटेरी दुल्हन नंदनी चिमटे (उर्फ पूजा शर्मा) व उसके साथी भोपाल से सिरोंज आए और शपथ पत्र पर शादी कराकर पीड़ित परिवार से 1.50 लाख लेकर फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से 60 हजार नगद मशरूका सहित 5 मोबाइल फोन,एवं अन्य आपराधिक घटना से संबंधित सामग्री जब्त की। जिसकी कुल कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार आंकी गई है।

---

त्योहारों को लेकर डीजे संचालकों व झांकी आयोजकों की बैठक आयोजित की

## मर्यादित स्वरूप में मूर्ति बनें, महिला संगठनों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



दुर्गाउत्सव को लेकर अधिकारियों ने गुरुवार को डीजे संचालकों और मूर्तिकारों की बैठक ली। बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार एवं सीएसपी अतुल सिंह की उपस्थिति में डीजे संचालकों एवं मूर्ति कारीगरों को विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी नव दुर्गा, दीपावली एवं अन्य त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में मनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से डीजे की ध्वनि सीमा, जुलूसों में शराब का सेवन प्रतिबंधित रखने, मार्ग व्यवस्था, बिजली-पानी की सुचारु व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा की चाक-चौबंद तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

इधर गुरुवार को महिला संगठनों ने मूर्ति निर्माण स्थल पहुंचकर जायजा लिया। क्योंकि गणेशोत्सव के दौरान भगवन गणेश के मुख्य स्वरूप से हटकर कई प्रतिमाएं पंडालों में विराजित की गई थीं। जिसको लेकर हिंदू संगठनों ने ज्ञापन देकर मर्यादित स्वरूप में प्रतिमाएं बनाने की मांग की थी।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) लश्करपुर प्रमुख शाखा विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 325 दिनांक 30.12.1967 — दिनांक 11.09.2025

**वार्षिक आम सभा सूचना-पत्र**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी–पैक्स) लश्करपुर के समस्त अशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिन शनिवार दिनांक 27.09. 2025 को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय लश्करपुर में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है गणपूर्ति (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी।जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

मोहर सिंह राजपूत, सहा. समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया जिला - विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक- 3638 दिनॉक 22.06.1967 — दिनॉक :- 11/09/2025

-: **वार्षिक आमसभा सूचना** :-

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसभा दिन मंगलवार दिनॉक 30 सितम्बर 2025 को समय 11:00 बजे स्थान समिति कार्यालय इमलिया, पर आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात् होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगी।

लालबहादुर सिंह राजपूत, सहा. समिति प्रबंधक, बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया, जिला विदिशा — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया, जिला विदिशा

**बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित (बी-पैक्स) विदिशा जिला - विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 457 दिनांक 10.12.92 — दिनांक 11.09.25

**वार्षिक आमसभा सूचना**

बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित (बी–पैक्स) विदिशा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिन सोमवार दिनांक 29-09-25 को दोप 2:00 बजे स्थान समिति कार्यालय मार्केटिंग सोसायटी के भवन में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

अंकित व्यास, समिति प्रबंधक पैक्स विदिशा — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक पैक्स विदिशा

**बहु, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बंधेरा विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क. 3642 दिनांक 30.06.1967 — दिनांक 10.09.2025

**वार्षिक आम सभा सूचना-पत्र**

बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बंधेरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि समिति की वार्षिक साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 27.09.2025 को दोपहर 11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय मूडरा हरिसिंह में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी।जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

सुन्दर सिंह राजपूत, सहा, समिति प्रबंधक, बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बंधेरा — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बंधेरा

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों से महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरखेड़ा में बुधवार को एक 32 वर्षीय महिला पिंकी लोधी ने अपने ही घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतका का पति जितेंद्र लोधी खेत पर काम कर रहा था। जब वह घर लौटा तो पत्नी को फांसी पर लटका पाया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मृतका के 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। सूचना पर सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा तैयार कर शव को नीचे उतारा और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए सांची अस्पताल भेजा गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा आज लगेगा शिविर

**सांची।** ग्राम पंचायत गुलगांव में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा का शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के आने का प्रोग्राम है। इस आयोजन में बैंक द्वारा सभी खाता धारकों को आमंत्रित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति को नया खाता खुलवाना है वह अपना खाता इस शिविर में खुला सकता है और बैंक द्वारा बैंक की सभी योजनाओं की जानकारी खाता धारकों को दी जाएगी। बैंक में जितने खाता धारक सदस्य हैं और उनके अलावा नए खाता धारकों को भी बैंक द्वारा आमंत्रित किया है। गुलगांव पंचायत में सुबह 9 से शाम को 5 तक शिविर का आयोजन रखा जाएगा।

### हनुमान जी दरबार छींद पहुंचे पूर्व मंत्री भार्गव



**बरेली।** प्रदेश सरकार में मंत्री रहे पं. गोपाल भार्गव छींद वाले हनुमान जी महाराज के दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने हनुमान जी श्रीराम दरबार की विशेष पूजन, अर्चना की। पूर्व मंत्री पं.गोपाल भार्गव का छींदधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष छींदधाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा श्रीराम नाम अंकित दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। भार्गव मंदिर परिसर में रूके और मंदिर प्रांगण में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए चर्चा की। आवश्यकतानुसार समिति को पूर्ण सहयोग का पं. गोपाल भार्गव ने भरोसा दिया।

### जिले में अब तक 1438.2 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून 2025 से 11 सितंबर 2025 तक 1438.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 266.5 मिलीमीटर अधिक है। जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 सितंबर तक वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1224 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1325.4, बेगमगंज में 1455.6, सिलवानी में 1494.2, बरेली में 1506.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

---

### सहकारिता विभाग के सेल्समैन कर्मचारियों ने दी भोपाल घेराव की चेतावनी

# पैक्स कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल

◆ 545 सेल्समैन के हड़ताल पर रहने से कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के सहकारिता (पैक्स) कर्मचारी 8 सितंबर से संगठन के जिलाध्यक्ष ज्योतिचंद नामदेव के नेतृत्व सहकारिता के कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर उतर चुके हैं। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सेल्समेनों कर्मचारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम मनीष शर्मा, फ़ूड अधिकारी राजू काटोलकर को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को चेताया है।

जिला अध्यक्ष श्री नामदेव ने बताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 20 सितंबर को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। सहकारी समितियों के सेल्समेन प्रबंधक केएस दांगी, नबल मेहरा, देवेंद्र सिंह मीणा, नरेश सिंह राजपूत सांची, शिवनारायण शर्मा गैरतगंज, पवन नामदेव नकतरा, एलएन रघुवंशी, संतोष रघुवंशी सुल्तानपुर आदि हड़ताल पर डटे हुए हैं।



#### यह है प्रमुख मांगें

मांगों में समिति प्रबंधकों की लंबित भर्ती प्रक्रिया को पूरा करना, उचित मूल्य विक्रेताओं को 18 माह का 54,000 भुगतान और बढ़े हुए वेतन का शीघ्र भुगतान शामिल है। सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जातीं, तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा। बहरहाल अब देखना यह है कि शासन कब तक जागेगा। कर्मचारियों का सब्र टूटा हुआ है।

#### जिले की 113 सोसायटियों के 545 सेल्समैन कलम बंद हड़ताल पर

जिले में सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार दोपहर से कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी। सहकारिता कर्मचारी नेताओं उपस्थिति में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। जिले की 113 सोसायटियों के करीब 545 कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। इससे सहकारी समितियों का दैनिक कामकाज प्रभावित होने लगा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी।

कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि 60 प्रतिशत सहकारिता कर्मचारियों का चयन जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में किया जाए।

इसके साथ ही अक्टूबर 2023 से लंबित भुगतान की समस्या उठाई गई। कर्मचारियों का कहना है कि प्रति विक्रेता 18 माह का करीब 54 हजार रुपए का भुगतान अभी तक 18 जिलों को ही मिला है, जबकि 34 जिलों में यह भुगतान लंबित है। पहले राशन दुकानों के सहकारी कर्मचारियों ने कई बार हड़ताल और ज्ञापन देने के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ऐसे में अब यह आंदोलन आगे और उग्र रूप ले सकता है। सेल्समैनों को पूर्व 10500 हरेक महीने कमीशन मिलता था। लेकिन वह घटाकर 7हजार के लगभग दिया जा रहा है, जो सरासर गलत और अन्याय है।

---

### श्राद्ध में शामिल होने जा रहा था युवक

## फोरलेन- 45 पर बाइक से टकराई कार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल से जबलपुर फोरलेन-45 और बरेली के 8 किमी बायपास पर निरंतर सड़क हादसे हो रहे है। कभी मवेशी को बचाने तो कभी तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से बाइक सवारों की मौत या घायल हो रहे है। बुधवार को केरोसिन टेंक के पास फोरलेन चौराहे पर बहनोई के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम डुगंरिया थाना बनखेड़ी निवासी केशव राय उम्र 35 वर्ष अपने बहनोई के श्राद्ध शामिल होने बरेली आ रहा था कि फोरलेन-45 पर केरोसिन टेंक चौराहे पर बाइक एमपी 05 एनक्य 9007 को तेज रफ्तार कार एमपी 20 सीएल 9678 ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल युवक केशव को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया।

#### बायपास पर घटनाएं जारी

बारना नदी के पुल से प्रारंभ हुए बरेली के बायपास पर आधा दर्जन स्थानों पर चौराहे क्रासिंग और नगर में प्रवेश के लिए मार्ग है। इन चौराहों के आसपास अतिक्रमण की अधिकता के साथ आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। चौराहों पर तेज रफ्तार वाहन दिखाई न देने के साथ सुरक्षा इंतजामों का अभाव बना हुआ है। इसी कारण इन चौराहों क्रासिंग, पेट्रोल टेंको के आसपास निरंतर हो रहे हादसे भारी चिंता का कारण बन रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की व्यक्ति मौत

**रायसेन।** सागर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी अनुसार कुंडाली-बमोरी निवासी 50 वर्षीय कलीम खान बाइक से रायसेन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सागर रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

### नगर के बाद ग्रामीण क्षेत्र में सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्र

## तहसील के सबसे बड़े ग्राम खरगोन में संस्कार केंद्र प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बबरेली

नगर के विभिन्न वार्डो जहाॅं गरीब परिवार निवास करते है, सेवा भारती द्वारा एक दर्जन संस्कार केन्द्रों का पिछले अनेक वर्षो से संचालन किया जा रहा है। नगर के बाद अब सेवा भारती द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में भी विस्तार और संस्कार केंद्र खोलना शुरू किया है। इसी के अंतर्गत तहसील के सबसे बड़े ग्राम खरगोन के टीटी नगर जहाॅं सबसे अधिक गरीब मजदूर परिवार निवास करते है। सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्र प्रारंभ किया।

खरगोन में टीटी नगर बस्ती में मंलगवार को सेवा भारती द्वारा संस्कार केन्द्र प्रारंभ किया। इस अवसर पर अभिषेक रघुवंशी मुख्य अतिथि के साथ सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिनेश राजौरिया ने केंद्र के उद्देश्य, महत्व, उपयोगिता के



संबंध में बताया। जिला सचिव बीएस किरार ने बच्चों में शिक्षा संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका रखते हुए कहा कि बच्चों के व्यवहार, आचार, विचारों में शुद्धता लाना, भाषा बडों का सम्मान करना, परिवार के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन से कार्य करना जैसे उद्देश्यों को लेकर सेवा भारती द्वारा संस्कार केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

---

## पुलिस ने शुरू किया विशेष वाहन चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं क्षेत्र में भारी संख्या में वाहन है, वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन न कर मनमाने ढंग से वाहन चलाकर अन्यों के साथ स्वंय के जीवन के लिए खतरा बनने और वाहन दुर्घटनाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पुलिस ने वाहनों की चैकिंग और यातायात नियमों का पालन कराने विशेष अभियान चला कर 13 प्रकरणों में 6100 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की।

एसपी रायसेन पंकज पांडे के निर्देश पर एवं एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता की टीम द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों मालिकों के वियद्ध चैकिंग

◆ कार्रवार में 13 प्रकरणों में 6 हजार से अधिक जुर्माना राशि की वसूली




अभियान शुरू किया है। 8 सितंबर से प्रारंभ हुआ चैकिंग अभियान 22 सितम्बर तक जारी रहेगा। बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट, तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध पुलिस की चैकिंग और अभियान जारी रहेगा। प्रेसर हार्न बजाने, तेज रौशनी वाली लाइटें, चाहे जहाॅं वाहन पार्किंग कर देने और रांग साइड वाहन वाहन चलाने वालों पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। बताया कि सडक़ हादसों में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से यह विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

#### नगर में यातायात पुलिस की बनी रहती है कमी

नगर में दिन भर मुख्य सड़क के साथ अन्य सड़कों, बाजारों में भारी यातायात बना रहता है। सड़कों दुकानों के किनारों पर ही वाहनों को खड़ा पार्किंग करने की परंपरा बनी हुई है। कम उम्र के बच्चों, छात्रों द्वारा भी वाहनों का उपयोग और वाहनों पर दो से अधिक लोगों का सफर करना आम बना रहता है। वाहन चालक स्वंय के साथ अन्यों के जीवन को संकट में डालने का प्रयास करते रहते है। जिसकी रोकथाम और यातायात नियमों का पालन कराना निरंतर जरूरी हो गया है।

---

### बेतरतीब खड़े वाहनों से आवागमन प्रभावित

## सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान के गेट पर ही खड़े कर रहे वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के मुख्य मार्गो पर बेतरतीव ढंग से खड़े होने वाले दो, चार पहिया सहित अन्य वाहनों से यातायात प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं गांधी चौक से सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान तक जाने वाले मार्ग पर ही वाहन खड़े रहने से विद्यालय के बस चालक परेशान है।

हालांकि बस चालक स्कूल प्रबंधन को हो रही परेशानी से अवगत करा चुके है। बावजूद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

जानकारी क अनुसार सांदीपनि स्कूल के खेल मैदान के गेट पर ही कतिपय लोगों के द्वारा अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। गेट से लग कर ही वाहन खड़े होने से यातायात प्रभावित हो रहा है।

नागरिकों ने मांग की है कि गेट पर वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों को समझाइश दी जाए और ना मानने पर कार्रवाई की जाए।

---

## पितृपक्ष : नदी व कुंडों में विधि-विधान के साथ 'तर्पण' करने पहुंच रहे लोग

### श्राद्ध से पितरों को मिलती है मुक्ति, सुख-समृद्धि का देते हैं आशीर्वाद : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का काफी महत्व है। पितृ पक्ष में तर्पण करने के लिए इन दिनों नगर एवं आसपास की नदियों व कुण्डो में तर्पण करने वाले लोग सुबह से पहुंच रहे हैं। पितृपक्ष में लोग अपने घर में श्राद्ध करने के अलावा तीर्थ स्थानों पर जाकर भी अपने पितरों का पिंडदान कर रहे हैं, जहां पर विधि-विधान के साथ तर्पण कराया जा रहा है।

पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने कहा कि पितृपक्ष में अधिकांश लोग अपने घर पर ही ब्राह्मणों को भोजन करवा कर अपने पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं। कुछ लोग तीर्थ स्थानों पर जाकर अपने पितरों के लिए पिंडदान करते हैं और वहां उनका श्राद्ध करते हैं।



उन्होंने बताया कि पितरों का तर्पण करने से वे प्रसन्न होते हैं और अपने बच्चों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। कि वह अपने पितरों का तर्पण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पर पितृ दोष भी होता है। इसलिए उनका तर्पण एवं पिंडदान करने से पितृ को मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि तर्पण करने के तीन साल बाद लोग गयाजी जाते हैं। श्राद्ध कर्म करने के लिए यह स्थान सबसे पवित्र माना गया है। पुराणों में यह स्थान मोक्ष की भूमि और मोक्ष स्थली कही जाती है।

---

## प्रतिमा विसर्जन बाद तालाबों की नहीं हुई साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अनंत चतुर्थी पर गांव में विराजी भगवान श्री गणेश की करीब 20 प्रतिमाओं का तालाबों एवं कुंडों में विसर्जन किया गया था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा इन तालाबों की साफ सफाई नहीं कराए जाने के बाद अब तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

वहीं आगामी दिनों में छठ पर्व आने वाला है, जिससे लोगों तालाब किनारे पूजा पाठ करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

तालाबों में साफ-सफाई रहना व प्रदूषण मुक्त रखने के लिए समाज के सभी वर्गों का एकजुट होना सार्थक ढंग से प्रयास करने से ही संभव है। विभिन्न अवसरों पर मूर्तियाँ एवं ताजिये विसर्जित किए जाते हैं। लेकिन इसके बाद तालाब की साफ सफाई नहीं होती है।

---

## सालों से एक ही कुर्सी पर जमे सांची के मनरेगा प्रभारी

सचिव, रोजगार सहायकों को भ्रष्टाचार के मामलों में बजाय जांच के उनको अभयदान देकर जमकर कर रहे कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनपद पंचायत सांची में मनरेगा प्रभारी प्रवीण त्रिपाठी सालों से मनरेगा प्रभारी एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। वह सरपंच-सचिव और रोजगार सहायकों को भ्रष्टाचार के मामले में बचाकर उनसे जमकर कमाई कर रहे हैं। बताया जाता है कि श्री त्रिपाठी पिछले 15-20 सालों से सांची जनपद की कुर्सी पर बैठे हुए।



सूत्रों के हवाले से पता चला है कि इनका तबादला जनपद पंचायत गैरतगंज में हुआ था, लेकिन सांची जनपद से उनका मोह नहीं छूट रहा। क्योंकि यहां उनकी सालों से भ्रष्टाचार की जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। कुछ दिन औपचारिकता पूर्वक जनपद गैरतगंज में ड्यूटी करते रहे और बाद में जुगाड़ टेक्निक भिड़ाकर दोबारा जनपद पंचायत सांची की मलाईदार मनरेगा प्रभारी की कुर्सी पर विराजमान हो गए।

जनचर्चा है कि मनरेगा प्रभारी श्री त्रिपाठी ने अभी तक लाखों करोड़ों की कमाई कर अकूत चल अचल संपत्ति एकत्रित कर ली है। बताया जाता है कि उनकी धर्मपत्नी के नाम पर लाखों रुपये की जमीन खरीदी गई है। क्या शासन की तबादला नीति का नियम इन पर लागू नहीं होता।

#### इनका कहना है

यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। आपके द्वारा बताने पर मुझे पता चला है। हम इस मामले को दिखवाकर अग्रिम कार्रवाई करवाते हैं।

- शंकर सिंह पांसे, सीईओ सांची।

---

### महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने रायसेन पहुंचकर मांगी भिक्षा, और बोले-

## अब गाय माताएं 'मुख्यमंत्री निवास' भोपाल में रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने गौ रक्षा के लिए 7 सितंबर से 14 अक्टूबर तक गाय न्याय यात्रा की शुरुआत की है। यात्रा की तैयारी और रूपरेखा को लेकर गुरुवार को रायसेन के सागर-भोपाल तिराहे पर महामंडलेश्वर संतश्री कम्प्यूटर बाबा ने दुकान-दुकान जाकर भिक्षा मांगी और लोगों से गोमाता के संरक्षण में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, जावेद अहमद खान, राजकुमार यादव, राजकुमार आनंद सेन, राजू माहेश्वरी, जावेद कदीर, हसीब हिंदुस्तानी, मलखान सिंह रावत आदि उपस्थित हुए।

#### सरकारों पर लगाए आरोप

कंप्यूटर बाबा ने भाजपा की डॉ मोहन सरकार पर आरोप लगाया कि वह गायों के नाम पर केवल राजनीति कर लोगों को गुमराह कर रही है। कोई भी धरातल पर गौ माताओं के लिए सही तरीके से काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सड़कों नेशनल हाईवे पर गाय हादसों में आए दिन मर रही हैं। इनके लिए सरकार

#### गौ रक्षा के लिए गाय न्याय यात्रा की तैयारी




कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। गौ यात्रा का मुख्य उद्देश्य आवारा गायों और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का मुद्दा उठाना है। कम्प्यूटर बाबा ने चेतावनी दी कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो 14 अक्टूबर को ट्रकों और वाहनों में भरकर गायों को सीएम हाउस भोपाल ले जाएंगे। यात्रा 7 अक्टूबर को नर्मदापुरम से शुरू होगी।

#### कंप्यूटर बाबा बोले - सरकार से अब आर-पार की लड़ाई

कंप्यूटर बाबा ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़कों गली मोहल्लों में भूखी प्यासी गौ माता बड़ी आस्था रख रही है कि अब कोई मोहन मसीहा आएगा। ईश्वर ने मोहन को भी भेज दिया, उन्होंने आगे कहा यदुवंशी मुख्यमंत्री है। इसके बाद भी यदि गौ माता की रक्षा नहीं हुई। गौ माता की नहीं सुनी गई तो आगे कुछ नहीं होगा, इसीलिए अब हमने सरकारों से आर पार की लड़ाई की योजना बनाई है। अब केवल गौ माता सीएम हाउस भोपाल ही जाएगी। पूरे मध्य प्रदेश से गाड़ी घोड़ा में भरकर गौ माता को सीएम हाउस भोपाल ले जाया जाएगा। कम्प्यूटर बाबा ने आगे कहा अब हमारी गौ माता सड़क पर नहीं बल्कि सीएम हाउस में रहेगी।

#### यात्रा में भूमिका निभाएं युवा

उन्होंने शहर के लोगों और युवाओं से आंदोलन में शामिल होने की अपील की। यात्रा के दौरान गायों के लिए भूसा-पानी और संतों की व्यवस्था की जाएगी। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए भिक्षा से धन एकत्र किया जा रहा है।

---

### कलेक्टर ने ग्राम खरबई में आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूल का किया निरीक्षण

**रायसेन।** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरूवार को सांची जनपद पंचायत के ग्राम खरबई में आंगनवाड़ी केन्द्र और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान यहां दर्ज बच्चों की संख्या तथा आंगनवाड़ी केन्द्र आने वाले बच्चों की संख्या, गर्भवती और धात्री महिलाओं की संख्या तथा टीकाकरण की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो बच्चें आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं आ रहे हैं, उनके माता-पिता से संवाद कर बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र भेजने के लिए प्रेरित करें। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी पूछा। इसके उपरांत कलेक्टर ने शासकीय स्कूल भवन का निरीक्षण किया।